अति महत्वपूर्ण/समयबद्ध

# कार्यालय निदेशक, प्रशासन एवं अनुश्रवण
# सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ – 250110

पत्रांक : सवप/2025/नि0प्र0अनु0/ 122
दिनांक : 18/07/2025

## –: सूचना :–

विश्वविद्यालय मुख्यालय पर कार्यरत समस्त शिक्षकों द्वारा अपनी स्वयं मूल्याकंन रिपोर्ट (SAR) निर्धारित प्रपत्र पर पूर्ण कर प्रत्येक कैलेन्डर वर्ष में जमा करना होता है। उक्त के क्रम समस्त शिक्षकों से अनुरोध है कि 01 जुलाई 2024 से 30 जून 2025 तक की स्वयं मूल्याकंन रिपोर्ट (SAR) भरकर उचित माध्यम द्वारा दिनांक 04.08.2025 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही कुलपति कार्यालय के पत्रांक दिनांक 15.04.2017 के अनुपालन में सम्बन्धित शिक्षकों द्वारा एकेडमिक वर्ष में प्रकाशित शोध पत्र, यू.जी./पी.जी. में दिये गये व्याख्यान की संख्या, सम्पादित शोध ट्रायल्स/एक्सपेरिमेंट का विवरण सक्षम स्तर से अग्रसारित कराते हुये स्वयं मूल्याकंन रिपोर्ट (SAR) के साथ संलग्न करते हुये कार्मिक अनुभाग को प्रेषित करेगें। यदि उक्त विवरण स्वयं मूल्याकंन रिपोर्ट (SAR) के साथ संलग्न नहीं किया जाता है तो उसे वापिस कर दिया जायेगा। स्वयं मूल्याकंन रिपोर्ट (SAR) प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.svpuat.edu.in से download किया जा सकता है।

18/VII/2025
निदेशक, प्रशासन एवं अनुश्रवण

प्रतिलिपिः
1. निदेशक, कृषि अनुसंधान केन्द्र को इस आशय के साथ कि अपने अधीनस्थ शोध केन्द्रों के शिक्षकों के SAR प्राप्त कर कार्मिक अनुभाग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. निदेशक, प्रसार
3. अधिष्ठाता, पी.जी.एस./कृषि/जैव प्रौद्योगिक/वेटनरी/उद्यान/पोस्ट हार्वेस्ट/टैक्नोलॉजी महाविद्यालय/ओ.एस.डी., गन्ना महाविद्यालय को इस आशय के साथ कि अपने महाविद्यालय के शिक्षकों के SAR प्राप्त कर कार्मिक अनुभाग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
4. डा0 दीपक सिसौदिया, प्राध्यापक/प्रभारी अधिकारी, आई.टी. सेल को इस आशय के साथ कि उपरोक्त प्रारूप एवं पत्र विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
5. अधिष्ठाता छात्र कल्याण
6. कुलसचिव
7. वित्त नियंत्रक
8. समस्त प्रभारी अधिकारी
9. जनसम्पर्क अधिकारी को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

<u>अति महत्वपूर्ण / समयबद्ध</u>

# कार्यालय निदेशक, प्रशासन एवं अनुश्रवण
# सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ – 250110

पत्रांक : सवप / 2025 / नि0प्र0अनु0 / 123

दिनांक : 19/07/2025

**–: सूचना :–**

विश्वविद्यालय मुख्यालय (मेरठ), अनुसंधान केन्द्र एवं कृषि विज्ञान केन्द्र पर कार्यरत समस्त अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा अपनी वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (ACR) निर्धारित प्रपत्र पर पूर्ण कर जमा करना होता है। उक्त के क्रम समस्त अधिकारियों / कर्मचारियों से अनुरोध है कि 01 जुलाई 2024 से 30 जून 2025 तक की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (ACR) भरकर उचित माध्यम द्वारा दिनांक 04.08.2025 तक अधोहस्तक्षरी कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। यदि निर्धारित समयावधि में वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (ACR) पूर्ण कर उपलब्ध नहीं करायी जाती है तो सम्बन्धित कार्मिक के ए.सी.पी. से सम्बन्धित प्रकरण पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (ACR) प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.svpuat.edu.in से download किया जा सकता है।

18/VII/2025

निदेशक, प्रशासन एवं अनुश्रवण

प्रतिलिपिः

1. निदेशक, कृषि अनुसंधान केन्द्र को इस आशय के साथ कि अपने अधीनस्थ वाह्य शोध केन्द्रों के कर्मचारियों के ACR प्राप्त कर कार्मिक अनुभाग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. निदेशक, प्रसार को इस आशय के साथ कि अपने अधीनस्थ KVK के कर्मचारियों के ACR प्राप्त कर कार्मिक अनुभाग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3. अधिष्ठाता, पी.जी.एस. / कृषि / जैव प्रौद्योगिक / वेटनरी / उद्यान / पोस्ट हार्वेस्ट / टैक्नोलॉजी महाविद्यालय / ओ.एस.डी. गन्ना महाविद्यालय को इस आशय के साथ कि अपने महाविद्यालय के कर्मचारियों के ACR प्राप्त कर कार्मिक अनुभाग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
4. डा0 दीपक सिसौदिया, प्राध्यापक / प्रभारी अधिकारी, आई.टी. सेल को इस आशय के साथ कि उपरोक्त प्रारूप एवं पत्र विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
5. अधिष्ठाता छात्र कल्याण
6. कुलसचिव
7. वित्त नियंत्रक
8. समस्त प्रभारी अधिकारी
9. जनसम्पर्क अधिकारी को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।